न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री नरेश सोनी, आर.ए.एस

मुकदमा न0 राजस्व प्रकरण 138/2019

प्रार्थी :- 1. जालाराम पारंगी पुत्र गोबरराम जाति मेगवाल
2. मोहिनी पारंगी जालाराम पारंगी जाति मेगवाल
निवासी बुडीवाडा तहसील पचपदरा जिला बाडमेर।

बनाम

विप्रार्थीगण :-

1. मेघाराम पुत्र खुशालाराम
2. रामाराम पुत्र खुशालाराम
3. तुलसीदेवी पत्नी खुशालाराम
4. तुलछाराम पुत्र भीमाराम
5. रतनाराम पुत्र भीमाराम
6. चेनाराम पुत्र सवाराम जाति कलबी निवासीयान बुडीवाडा
7. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पचपदरा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान रा0भू रा0 अधि0
बाबत पत्थरगढी व नेखमबंदी करवाने हेतु

उपस्थित :-

1. श्री अचलाराम प्रार्थीगण वकील
2. श्री कैलाश माहेश्वरी विप्रार्थीगण वकील
3. श्रीसंतोष भंसाली विप्रार्थीगण वकील

'आदेश'

दिनांक :- 22.01.2021

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने खेत के पत्थरगढी हेतु निवेदन किया। प्रस्तुत प्रकरण मे संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मे कथन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी का खेत सरहद मौजा बुडीवाडा पटवार हल्का जागसा तहसील पचपदरा के खसरा संख्या 814/179 रकबा 0.02 बीघा, एवं खसरा सं. 813/179 रकबा 26.18 बीघा, ख.स. 1256/179 रकबा 2.02 बीघा मे आई हुई है। प्रार्थीगण के हक हिस्से की भूमि पर एकमात्र प्रार्थीगण का कब्जा काश्त है। विप्रार्थीगण संख्या 1 ता 7 उपरोक्त खातेदारी भूमि के सेढा पडोसी है। विप्रार्थीगण स. 1 ता 7 प्रार्थीगण के उक्त खातेदारी भूमि के सेढा पडोसी होने के कारण प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण के मध्य वादग्रस्त कृषि भूमि [illegible] संशय व्याप्त है। विप्रार्थीगण खातेदारी भूमि के सेढा [illegible] आमादा है। प्रार्थी के कब्जा काश्त मे [illegible]

प्रार्थी एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को [illegible] विवाद बना रहता है। [illegible] कारण प्रार्थी खातेदारी भूमि की सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढ़ी पैमाईश एवं नेखबंदी करवाना चाहते है।प्रार्थी ने पैमाईश एवं नेखबन्दी करने का निवेदन किया है।

उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:54:28 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

प्रार्थीगण की दरखास्त दिनांक 19.07.2019 दर्ज कर विप्रार्थीगण सम्मन जारी किया गया । विप्रार्थीगण संख्या 3 व 4 के वकील उपस्थित। दिनांक 5.11.2020 को जबाब पेश किया गया । विप्रार्थीगण को रजिस्टर्ड नोटिस रसीदे पेश होने के बावजूद अनुपस्थित। अतः उक्त के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही की गयी । दिनांक 10.07.2019 की सीमाकंन मौका फर्द रिपोर्ट पत्रावली में पेश की गयी।

दोनो पक्षों के वकील की बहस को सुना गया। विप्रार्थीगण वकील ने कथन किया कि सभी पक्षकारान की उपस्थित में सीमाकंन करवाते हुवे नेखमबंदी की जावे । जिसे प्रार्थीगण वकील ने भी सहमती प्रदान की । सीमांकन मौका फर्द रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । प्रार्थीगण के वक्त काश्त प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमाओं को लेकर विवाद बना रहता है, इस कारण प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की पैमाईश एवं नेख्मबंदी करवाना चाहते है। प्रार्थीगण विवादित भूमि के खातेदारी काश्तकार राजस्व रेकार्ड में दर्ज होने के कारण प्रार्थी की दरखास्त स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण के आवेदन पत्र को स्वीकार किया जाकर प्रार्थी की खातेदारी का खेत सरहद मौजा बुडीवाडा पटवार हल्का जागसा तहसील पचपदरा के खसरा संख्या 814/179 रकबा 0.02 बीघा, एवं खसरा सं. 813/179 रकबा 26.18 बीघा, ख.स. 1256/179 रकबा 2.02 बीघा प्रार्थी की विवादित भूमि का पेमाईश एवं नेखमबदी करने हेतु भूमापक भू0निरीक्षक जसोल को मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। भूमापक कर्ता को निर्देश दिये जाते है कि नेखमबंदी करने से पूर्व एक तारीख निश्चित कर दोनो पक्षकारान को सूचित करवा कर वे दोनो पक्षों की उपस्थिति में यदि किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नहीं हो तो किसी मुस्तकील/ स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पेमाईश करे व भूमापककर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है । भूमि की मौके की स्थिति मे परिवर्तन किये बिना नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करे वक्त पेमाईश हल्का पटवारी को साथ रखे। तहरीर जारी हों मौका कमिश्नर शुल्क एक हजार रूपये नियत किये जाते है। जिसे प्रार्थीगण कमिश्नर शुल्क अदा करें । यदि पुलिस ईमदाद की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित थानाधिकारी से पुलिस जाब्ता प्राप्त करें।

Signature Not Verified

पत्रावली फैसल शुमार होकर के तामिल मुताबिक ...

Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.03.10 18:54:28 IST
Reason: SelfAttested

(नरेश सोनी)
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा (राज.)

आज दिनांक 22.01.2021 को आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा (राज.)

Scanned with CamScanner